**(GCF-1, GCF-2, GCF-3, GCF-4, GCF-5+8, GCF-6+9, GCF-10, GCF-11, MCF-1, VCF-1, VCF-2, SCF-1, SCF-2 & VDCF-1)**
**DATE: 12.08.2019** **MAXIMUM MARKS: 100** **TIMING: 2 Hours**

## ECONOMICS AND COMMERCIAL KNOWLEDGE

**All Questions is compulsory.**

(1) अर्थशास्त्र में सीमितता है :–
- (a) निरपेक्ष अवधारणा
- (b) सापेक्ष अवधारणा
- (c) अनुपयोगी अवधारणा
- (d) अवधारणा ही नहीं है।

(2) जब किसी समस्या के समाधान के लिए दो या दो से अधिक समाधान के तरीके उपलब्ध हो, तब उनमें से किसी एक सही समाधान को चुनने की प्रक्रिया है :–
- (a) समस्या का समाधान
- (b) निर्णय प्रक्रिया
- (c) आर्थिक विश्लेषण
- (d) प्रबन्धकीय योग्यता

(3) व्यवसायिक अर्थशास्त्र अपनी पहुॅच में प्रगतिशील होता है जिसका अर्थ है यह नहीं होता है :–
- (a) व्यवहारिक (Practical)
- (b) वास्तविक (Realistic)
- (c) भावात्मक (Abstract)
- (d) उपरोक्त सभी

(4) व्यवसायिक अर्थशास्त्र अधिक केन्द्रीकृत होता है :–
- (a) आदर्शमूलक ज्ञान पर
- (b) वास्तविक ज्ञान पर
- (c) अधिक आदर्शमूलक परन्तु कम वास्तविक
- (d) अधिक वास्तविक परन्तु कम आदर्शमूलक

(5) सूक्ष्म अर्थशास्त्र अध्ययन करता है :–
- (a) मुद्रा का बाहरी मूल्य
- (b) रोजगार
- (c) बचत और विनियोग
- (d) उपभोक्ता का व्यवहार

(6) निम्न में से कौनसा सीमान्त उपयोगिता ह्रास नियम की मान्यता है :–
- (a) पूर्ण प्रतियोगिता
- (b) लगातार उपभोग
- (c) मांग की स्थिरता
- (d) उपयोगिता की क्रमवाचक विचारधारा

(7) उपभोक्ता साम्य की अवस्था में होता है, जब –
- (a) सीमान्त उपयोगिता = मूल्य
- (b) सीमान्त उपयोगिता = शून्य
- (c) सीमान्त उपयोगिता = ऋणात्मक
- (d) सीमान्त उपयोगिता = मात्रा

(8) उपभोक्ता की बचत का क्षेत्र होता है :–
- (a) मांग वक्र से नीचे तथा मूल्य से उपर
- (b) पूर्ति वक्र से उपर तथा मूल्य से नीचे
- (c) मांग वक्र से उपर तथा मूल्य से नीचे
- (d) पूर्ति वक्र से नीचे तथा मूल्य से उपर

(9) कीमत रेखा के अन्दर स्थित बिन्दू दर्शाता है :–
- (a) उपभोक्ता द्वारा अधिक खर्च
- (b) उपभोक्ता द्वारा क्षमता से कम खर्च
- (c) उपभोक्ता द्वारा सम्पूर्ण आय को खर्च करना
- (d) उपरोक्त सभी।

(10) निम्न में से कौनसा उदासीनता वक्र पर आधारित उपभोक्ता के सन्तुलन की मान्यता नहीं है :–
- (a) यहां पर एक उदासीनता मानचित्र है, जो कि उपयोगिता के विभिन्न स्तरों को दर्शाता है।
- (b) उपभोक्ता की आय स्थिर है।
- (c) वस्तु की कीमत स्थिर है।
- (d) इस विश्लेषण में केवल एक ही वस्तु की अवधारणा पर विचार किया जाता है।

(11) क्रय शक्ति का अर्थ है :–
- (a) किसी वस्तु को खरीदने की इच्छा
- (b) किसी वस्तु को खरीदने की अनिवार्यता
- (c) किसी वस्तु को खरीदने की क्षमता
- (d) किसी वस्तु की उपयोगिता

(12) अतिअल्पकाल में कौनसा घटक मूल्य स्तर को सर्वाधिक प्रभावित करता है :–
- (a) मांग
- (b) पूर्ति
- (c) लागत
- (d) उत्पादन

(13) जब एक उपभोक्ता किसी वस्तु को उसकी प्रतिष्ठा की वजह से पसन्द करता है या खरीदना चाहता है, तो वह कहलाता है :–
- (a) प्रतिस्थापन्न प्रभाव
- (b) प्रदर्शन प्रभाव
- (c) आय प्रभाव
- (d) उपरोक्त सभी।

(14) प्रतिस्थापन्न प्रभाव किसी घटक में परिवर्तन के कारण उत्पन्न होता है :–
- (a) उपभोक्ता की आय
- (b) वस्तु की कीमत
- (c) वस्तुओं का सापेक्षिक मूल्य
- (d) उपरोक्त सभी।

(15) सामान्य परिस्थितियों में यदि सरकार किसी वस्तु पर कर की दर बढ़ा देती है, तो वस्तु की मांग अल्पकाल में :–

(a) बढ़ेगी
(b) घटेगी
(c) अपरिवर्तित रहेगी
(d) कर का वस्तु की मांग पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा

(16) यदि किसी वस्तु की कीमत 500 रूपये से बढ़कर 750 रूपये हो जाती है तथा उस वस्तु की मांग 20 इकाई से घटकर 15 इकाई रह जाती है, तो लोच ज्ञात करे :–
(a) 0.25
(b) 0.50
(c) 1.00
(d) 1.50

(17) यदि टिफिन बॉक्स का मूल्य 100 रूपये प्रति इकाई से बढ़कर 125 रूपये प्रति इकाई हो जाने पर यदि उसकी मांग 1,25,000 इकाई से घटकर 1,00,000 इकाई ही रह जाती है, तो लोच ज्ञात करे :
(a) 1.25
(b) 0.80
(c) 1.00
(d) None

(18) यदि 300 रूपये मासिक दर पर केबल TV के दर्शक 30,000 है, यदि केबल TV की मासिक दर 300 रूपये से बढ़ाकर 400 रूपये किये जाने पर केबल TV के दर्शक 20,000 ही रह जाते है, तो केबल TV की मांग की लोच ज्ञात करे :–
(a) 1.4
(b) 0.66
(c) 0.75
(d) 2.0

(19) कुल व्यय विधि के अन्तर्गत यदि किसी वस्तु की कीमत घटने पर उस पर होने वाला कुल व्यय बढ़ जाता है, तो उस वस्तु की कीमत लोच होगी :–
(a) इकाई के बराबर
(b) इकाई से अधिक
(c) इकाई से कम
(d) शून्य

(20) कुल व्यय विधि में यदि कीमत और उपभोक्ता का कुल व्यय अगर विपरीत दिशा में क्रियाशील होते है, तो उस स्थिति में कीमत लोच होगी :–
(a) इकाई के बराबर
(b) इकाई से अधिक
(c) इकाई से कम
(d) शून्य

(21) सीमान्त, औसतन तथा कुल उत्पाद वक्र, जिनका एक ऐसी फर्म द्वारा सामना किया जा रहा है जो अल्पकाल में उत्पादन कर रही है, सभी निम्न सम्बन्धों का प्रदर्शन करती है सिवाय :
(a) जब कुल उत्पादन बढ़ रहा है, औसत तथा सीमान्त उत्पादन या तो बढ़ रहा हो सकता है या घट रहा होता है
(b) जब सीमान्त उत्पादन ऋणात्मक हो, कुल उत्पादन तथा औसत उत्पादन गिर रहे होते है
(c) जब औसत उत्पादन अपने चरम पर हो, सीमान्त उत्पादन, औसत उत्पादन के बराबर हो तथा कुल उत्पादन बढ रहा हो

(d) जब सीमान्त उत्पादन अधिकतम पर हो, औसत उत्पादन, सीमान्त उत्पादन के बराबर हो तथा कुल उत्पादन बढ रहा हो।

(22) घटती प्रत्याये उत्पन्न होती हैः
(a) जब एक परिवर्तनीय इनपुट की यूनिटें एक स्थिर इनपुट में जोड़ी जाती है तथा कुल उत्पादन गिरता है
(b) जब एक परिवर्तनीय इनपुट की यूनिटों को एक स्थिर इनपुट में जोडा जाता है तथा सीमान्त उत्पादन गिरता है
(c) जब संयंत्र का आकार दीर्घकाल में बढ़ाया जाता है
(d) जब स्थिर इनपुट की मात्रा को बढाया जाता है तथा परिवर्तनीय इनपुट के प्रति प्रत्यायें गिरती है।

(23) निम्न में से कौन सा एक उपक्रमी का एक कार्य है?
(a) एक व्यावसायिक उपक्रम का प्रारम्भ
(b) जोखिम सहना
(c) आविष्कार करना
(d) उपरोक्त सभी।

(24) परिवर्तनीय अनुपातों का सिद्धान्त निम्न सभी मान्यताओं के अन्तर्गत निकाला जाता है सिवाय इस मान्यता के कि :
(a) प्रौद्योगिकी बदल रही है।
(b) ऐसे कुछ इनपुट हैं जिनकी मात्रा स्थिर रखी जाती है
(c) हम केवल भौतिक इनपुटों पर विचार करते हैं, न कि मौद्रिक अर्थों में आर्थिक तौर पर लाभकारी इनपुटों पर
(d) प्रौद्योगिकी निर्दिष्ट तथा स्थिर।

(25) यदि आपको निम्नलिखित आँकड़े दिये जाते है–

**तालिका 1**

| Input | कुल लागत |
|---|---|
| 0 | 0 |
| 1 | 15 |
| 2 | 35 |
| 3 | 60 |
| 4 | 92 |
| 5 | 140 |

उपरोक्त आँकड़े एक उदाहरण हैं–
(a) पैमाने के ह्रासमान प्रतिफल के
(b) पैमाने के स्थिर प्रतिफल के
(c) पैमाना के वृद्धिमान प्रतिफल के
(d) धनात्मक स्थिर लागतों के

(26) निम्न में से कौन एक भूमि का लक्षण नहीं है :–
(a) प्रकृति का निशुल्क उपहार
(b) उत्पादन का चल साधन
(c) इसकी मात्रा स्थिर है
(d) अविनाशी है।

(27) उत्पादन का प्रभावी पैमाना उत्पादन की वह मात्रा होती है, जो न्यूनतम करता है :–
(a) औसत स्थिर लागत

(b) औसत कुल लागत
(c) औसत परिवर्तनीय लागत
(d) सीमान्त लागत

(28) यदि सभी इनपुटों में 90% वृद्धि के फलस्वरूप उत्पादन 75 प्रतिशत से बढ़ जाता है तो यह ________का मामला होगा।
(a) एक घटक के प्रति बढ़ती प्रत्याय
(b) एक घटक के प्रति घटती प्रत्याय
(c) पैमाने के प्रति घटती प्रत्याय
(d) उपरोक्त में कोई नहीं

(29) बढ़ती प्रत्यायों से बोध होता है।
(a) सतत औसत लागत
(b) उत्पादन की प्रति इकाई घटती लागत
(c) पूँजी तथा श्रम
(d) उपरोक्त सभी

(30) वृद्धिमान प्रतिफल का नियम कार्य करता है–
(a) स्थायी साधनों की अविभाज्यता के कारण
(b) श्रम विभाजन व विशेषज्ञता के कारण
(c) (a) एवं (b) दोनों
(d) मशीनरी के दुरूपयोग के कारण

(31) परिवर्तनशील अनुपातों के नियम के पहले चरण में कुल उत्पाद बढ़ता है–
(a) घटती दर से
(b) बढ़ती दर से
(c) सामान्य दर से
(d) (a) तथा (b) दोनों

(32) दीर्घकाल में कोई फर्म उधोग को सम्भवतः छोड़ देगी यदि–
(a) कीमत न्यूनतक औसत कुल लागत पूरा नहीं करती है।
(b) कीमत सीमान्त लागत के बराबर नहीं होती है।
(c) पैमाने की बचतें समाप्त की जा रही हों।
(d) कीमत दीर्घकालींन औसत लागत से उच्चतम है।

(33) यदि फर्म का औसत चल लागत वक्र उठ रहा हो तो इसका सीमान्त लागत वक्र होना चाहिए–
(a) स्थिर
(b) औसत कुल लागत वक्र के ऊपर
(c) औसत चल लागत वक्र के ऊपर
(d) (b) तथा (c) दोनों

(34) सीमान्त लागत वक्र औसत लागत वक्र का प्रतिछेदन करता है जब औसत लागत है–
(a) अधिकतम
(b) न्यूनतम
(c) ऊपर को उठती हुयी
(d) नीचे को गिरती हुयी

**प्रश्न संख्या 35-38 के उत्तर देने के लिए निम्न टेबल का प्रयोग करें :–**

| मात्रा | परिवर्तनीय लागत | स्थिर लागत | कुल लागत | AVC | ATC | MC |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 0 | 0 | | | | | |
| 5 | 25 | | | | | |
| 10 | 470 | | | | | |
| 15 | 700 | | | | | |
| 20 | 980 | | | | | |
| 25 | 1350 | | | | | |
| 30 | 1850 | | | | | |
| 35 | 2520 | | | | | |
| 40 | 3400 | | | | | |
| 45 | 4530 | | | | | |
| 50 | 5950 | | | | | |

एक फर्म जो पूर्ण पतियोगिता में काम कर रही है, अपने उतने उत्पादों को बेचती है, जितना वह चयन करती है 100 रूपये प्रति इकाई के बाजार मूल्य पर। यदि स्थायी लागत 300 रूपये हो तथा विभिन्न उत्पादन स्तरों के लिए उसकी परिवर्तनीय लागत को उपरोक्त टेबल में दिया गया है।

(35) जब उत्पादन 40 इकाइयाँ हो तो औसत लागत होता है–
- (a) 4.40 रू.
- (b) 5.50 रू.
- (c) 85 रू.
- (d) 92.50 रू.

(36) टेबुल में सीमान्त लागत प्रति इकाई जो उत्पादन की 40 इकाइयों के तत्सम्बद्ध हो–
- (a) 22 रू.
- (b) 85 रू.
- (c) 176 रू.
- (d) 880 रू.

(37) लाभ अधिकतम करने के लिए फर्म को उत्पादन करना चाहिए–
- (a) 15 इकाइयाँ
- (b) 30 इकाइयाँ
- (c) 35 इकाइयाँ
- (d) 50 इकाइयाँ

(38) यदि बाजार मूल्य 100रू. से 56 रू. प्रति इकाई तक घटता है तो फर्म का अल्पकालीन प्रत्युत्तर होना चाहिए–
- (a) बन्द करना (Shut down)
- (b) 5 इकाइयों का उत्पादन
- (c) 20 इकाइयों का उत्पादन
- (d) ठीक उतनी की इकाइयों के उत्पादन को जारी रखना जो मूल्य गिरने से पहले करते थे।

(39) औसत स्थिर लागत वक्र सदैव होता है :–
- (a) U आकार का यदि पैमाने के ह्रासमान प्रतिफल है।
- (b) U आकार का यदि पैमाने के वर्द्धमान प्रतिफल है।
- (c) उत्पादन बढ़ने पर घटता है।
- (d) इनमें से कोई नहीं।

(40) एक फर्म की 10 इकाईयाँ उत्पादित करने की औसत कुल लागत 600 रूपये है तथा 11 वीं इकाई की औसत कुल लागत 640 है, तो 11 इकाई की सीमान्त लागत होगी :–

(a) 40
(b) 540
(c) 840
(d) 1040

(41) एक फर्म दस इकाईयों का उत्पादन कर रही है, जिसकी परिवर्तनशील लागत 30 रूपये प्रति इकाई और 5 रूपये प्रति इकाई स्थिर लागत है, तो कुल लागत ज्ञात कीजिये :–
(a) 300 रूपये
(b) 35 रूपये
(c) 305 रूपये
(d) 350 रूपये

(42) मान ले कि आयातों मे वृद्धि के कारण कैमरों की सप्लाई बढ़ जाती है। निम्न में से क्या बात सर्वाधिक हो सकेगी?
(a) मूल्य बढ़ेगा
(b) विनिमय की गई कैमरों की साम्य मात्रा घटेगी
(c) कैमरा फिल्म का साम्य मूल्य घटेगा
(d) साम्य मूल्य में कमी तथा साम्य मात्रा पर वृद्धि।

(43) यदि मूल्य को सन्तुलन मूल्य से नीचे रखने के लिए दबाब बनाया जाता है।
(a) पूर्ति का आधिक्य होगा
(b) माँग का अधिक्य होगा।
(c) (a) या (b) कोई भी
(d) न तो (a) न (b)

(44) विभेदात्मक एकाधिकार में एक एकाधिकारी अपनी एक ही वस्तु के लिए विभिन्न मूल्य वसूल करता है :–
(a) विभिन्न उपभोक्ताओं से
(b) विभिन्न उपयोगों के लिए
(c) विभिन्न स्थानों पर
(d) उपरोक्त सभी।

(45) पूर्ण प्रतियोगिता मे एक फर्म को कीमत स्वीकारक कहा जाता है क्योंकिः–
(a) फर्म का वस्तु के मूल्य पर थोडा बहुत नियंत्रण होता है
(b) फर्मो की संख्या बहुत अधिक होने के कारण एक फर्म बाजार को प्रभावित करने में समर्थ नही होती है।
(c) सभी फर्मे समरूप वस्तुऐ उत्पादित करती है।
(d) नई फर्मो का स्वतंत्र प्रवेश व बर्हिगमन होता हे।

(46) शुद्ध प्रतियोगिता की शर्त है।
(a) बहुत अधिक विक्रेता तथा समरूप वस्तुऐ
(b) नई फर्मो का स्वतंत्र प्रवेश व बर्हिगमन
(c) a व b दोनों
(d) बाजार की दशाओं का पूर्णज्ञान

(47) जब उत्पाद को एक केन्द्रीयकृत संस्था के माध्यम से बेचा जाता है जो अल्पाधिकार को जाना जाता है :–
(a) संगठित अल्पाधिकार

(b) आंशिक अल्पाधिकार
(c) प्रतिस्पर्द्धा अल्पाधिकार
(d) सिंडीकेटिड अल्पाधिकार

(48) अतिरेक क्षमता किस बाजार में नही पाई जाती है
(a) एकाधिकार
(b) एकाधिकारात्मक प्रतियोगिता बाजार
(c) पूर्ण प्रतियोगिता
(d) अल्पाधिकार

(49) निम्न में से क्या सत्य है ?
(a) यदि सीमान्त आगम घट रहीं है, तो कुल आगम घटती दर से बढ़ेगी।
(b) कुल आगम = P × Q
(c) पूर्ण प्रतियोगिता बाजार में सीमान्त आगम और औसत आगम बराबर होते है।
(d) उपरोक्त सभी।

(50) मोड़दार मांग वक्र के उपरी हिस्से पर लोच होती है :–
(a) बैलोचदार
(b) लोचदार
(c) इकाई के बराबर लोचदार
(d) पूर्णतया बैलोचदार

(51) पूर्ण प्रतियोगिता में एक फर्म का सन्तुलन उस बिन्दु पर होता है :–
(a) MC = MR
(b) MC वक्र MR वक्र को नीचे से काटता है।
(c) जब MC, MR वक्र को काटता है, तो वह बढ़ता हुआ होता है।
(d) उपरोक्त सभी।

(52) व्यापार चक्र में मंदी तब उत्पन्न होती है जब ––––––– अपने निम्नतम स्तर पर पहुॅच जाता है।
(a) अर्थव्यवस्था में मुद्रास्फीति
(b) मुद्रा की पूर्ति
(c) समग्र आर्थिक गतिविधियों
(d) बेरोजगारी की दर

(53) एक Leading indicator (सूचक) होता है
(a) वह चर जो कि आर्थिक गतिविधियों के साथ–साथ गतिशील होता है
(b) वह चर जो कि आर्थिक गतिविधियों से पहले गतिशील होता है।
(c) वह चर जो कि आर्थिक गतिविधियों के साथ निरतंर गतिशील होता हे।
(d) उपरोक्त में से कोई नही

(54) सरकारी व्यय में कमी का परिणाम हो सकता है।
(a) समग्र मॉग वक्र का दांयी ओर मुडना
(b) सम्पूर्ण मांग वक्र का बायीं ओर खिसकना।
(c) सम्पूर्ण मांग वक्र के साथ–साथ बायीं ओर तथा उर्ध्वगामी गतिशीलन।
(d) सम्पूर्ण मांग वक्र के साथ–साथ बायीं ओर तथा उर्ध्वगामी गतिशीलन।

(55) निम्न में से कौन व्यापार चक्र की सही व्याख्या करता है।
(a) आर्थिक संवर्द्धनों का आर्थिक सिकुड़ावों द्वारा अनुगमन किया जाता है।

(b) मुद्रास्फीति का बढ़ती आय तथा बेरोजगारी द्वारा अनुगमन किया जाता है।
(c) आर्ीिक विस्तारों का आर्थिक विकास तथा उन्नति द्वारा अनुगमन किया जाता है।
(d) Stagflation मुद्रास्फीति वाली आर्थिक प्रगति द्वारा अनुगमन किया जाता है।

(56) व्यापार चक्र में तेजी व मंदी कहलाते है।
(a) जीवटता
(b) मुड़ाव बिन्दु
(c) सन्तुलन बिन्दु
(d) वास्तविक व्यापार चक्र गतिविधिया

(57) मुद्रा पूर्ति में वृद्धि का प्रभाव हैः–
(a) ब्याज दर में वृद्धि, विनियोग में वृद्धि तथा समग्र मॉग में वृद्धि
(b) ब्याज दर में वृद्धि, विनियोग व्यय में कमी तथा समग्र मॉग में कमी
(c) ब्याज दर में कमी, विनियोग व्यय में वृद्धि, तथा समग्र मॉग में वृद्धि
(d) ब्याज दर में कमी, विनियोग व्यय में कमी तथा समग्र मॉग में कमी।

(58) निम्न में से कौन व्यापार चक्र की विशेषता नही है।
(a) व्यापार चक्र समाज के कल्याण पर बहुत अधिक प्रभाव डालता है।
(b) व्यापार चक्र समान समय अवधि में घटित नही होते है।
(c) व्यापार चक्रो के समान कारण व समान विशेषताऐ होती है।
(d) व्यापार चक्रों का अनुमान लगाना संभव नही है।

(59) निम्न सभी आर्थिक मंदी के लक्षण है सिवाय
(a) विनियोग व रोजगार में कमी
(b) मजदूरी व ब्याज प्राप्त करने वालो की आय में कमी उत्पन्न होना जिससे वस्तुओं व सेवाओं की मॉग में कमी आना
(c) निवेशकर्ताओं के विश्वास में कमी आना तथा नये विनियोग में कमी आना
(d) आगतों की मॉग में वृद्धि से आगतो की कीमतों में वृद्धि

(60) व्यापार चक्रो के विभिन्न चरणः–
(a) समान समय अन्तराल पर उत्पन्न नही होते और ना ही निश्चित समय के लिए होते है।
(b) तेजी का चरण कम से कम 10 वर्षो का होता है।
(c) अल्पकाल में इनका समाप्त होना संम्भव नही है।
(d) उपरोक्त में से कोई नही

(61) हितों का बदलाव सम्भव है :–
(a) व्यवसाय
(b) पेशा
(c) रोजगार
(d) इनमें से कोई नहीं।

(62) रोजगार का मनोवैज्ञानिक उद्देश्य क्या है ?
(a) समाज की सेवा
(b) आजीविका कमाना
(c) लाभ कमाना
(d) अपनी क्षमता को दर्शाना

(63) साझेदारी का क्या लाभ है ?
(a) तुरन्त निर्णय

(b) अधिक पूंजी
(c) व्यक्तिगत हित
(d) उपरोक्त सभी।

(64) किस व्यवसाय में सर्वाधिक निजी हित होता है ?
(a) हिन्दू अविभाजित परिवार (HUF)
(b) साझेदारी
(c) एकल स्वामित्व
(d) सीमित दायित्व साझेदारी (LLP)

(65) गैर–कॉर्पोरेट व्यवसाय में शामिल है :–
(a) एकल स्वामित्व, हिन्दू अविभाजित परिवार तथा साझेदारी
(b) हिन्दू अविभाजित परिवार, ट्रस्ट तथा सीमित दायित्व साझेदारी LLP
(c) साझेदारी सीमित दायित्व साझेदारी तथा निजी कम्पनी
(d) एकल स्वामित्व, सीमित दायित्व साझेदारी तथा साझेदारी

(66) अविभाजित परिवार की लगातार ________ पीढ़ियां एक व्यवसाय में होने पर, वह हिन्दू अविभाजित परिवार व्यवसाय कहलाता है।
(a) 2
(b) 3
(c) 4
(d) 5

(67) भुगतान को बिना अंजाम दिये किसी लेन–देन को एक निपटान अवधि से अगली अवधि तक ले जाना कहलाता है :–
(a) मन्देड़िये बाजार
(b) आधार मूल्य
(c) बदला
(d) बजट

(68) प्रमुख कपड़ा निर्माता कम्पनी विमल किस वर्ष में प्रारम्भ हुई थी ?
(a) 1975
(b) 1965
(c) 1985
(d) 1986

(69) संचित संचयों से विद्यमान अंशों के अनुपात में किया गया अंशों का मुफ्त आवंटन कहलाता है :–
(a) बोण्ड
(b) बोनस
(c) बिड
(d) ऑफर

(70) यह एक प्रकार का ऋण है, जिसके पीछे किसी भौतिक सम्पदा की गारन्टी नहीं होती है–
(a) बोण्ड
(b) ऋणपत्र
(c) वचन पत्र
(d) इनमें से कोई नहीं।

(71) भारत में माइक्रोसॉफ्ट कब प्रारम्भ हुआ ?
(a) 1990

(b) 1991
(c) 1995
(d) 1989

(72) वे वस्तुऐं जिन्हें इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में इस्तेमाल किया जाता है, कहलाती है :–
(a) उपभोक्ता वस्तुऐं
(b) पूंजीगत वस्तुऐं
(c) डिजिटल वस्तुऐं
(d) इनमें से कोई नहीं।

(73) कौनसी कम्पनी को Forbes World's Biggest Public Companies list of 2018 में आठवीं रैंक प्रदानी की गयी ?
(a) Apple
(b) Walmart
(c) IBM
(d) Microsoft

(74) एप्पल का प्रारम्भिक नाम क्या था ?
(a) Apple corporation
(b) Apple Computer Inc.
(c) Apple IT solutions
(d) Apple Mac Inc.

(75) पॉवरग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इण्डिया के मुख्य प्रबन्ध निदेशक (CMD) कौन है ?
(a) आई.एस. झा (I.S. Jha)
(b) के श्रीकान्त (K Sreekant)
(c) विशाल सिक्का (Vishal Sikka)
(d) एम.डी. रंगनाथ (M.D. Ranganath)

(76) Power System Operation Corporation Limited किस कम्पनी की सहायक कम्पनी है ?
(a) ONGC
(b) Power Grid
(c) IOC
(d) NTPC

(77) सभी बाहरी ताकतो, साधनों की दशाओं को ___________दर्शाता है, जो कि व्यवसाय निर्णयन रणनीति तथा कार्यो को प्रभावित करता है।
(a) व्यवसाय स्थान
(b) व्यवसायिक पर्यावरण
(c) व्यवसायिक खतरा
(d) व्यवसायिक प्रतिवेश

(78) प्रवृतियां सम्बन्धित है :–
(a) आन्तरिक पर्यावरण में घटनाओं का घटित होना
(b) समान कार्यो का समुह
(c) इच्छुक समुह द्वारा मांग
(d) इनमें से कोई नहीं।

(79) पर्यावरण में बदलाव –

(a) फर्मो द्वारा सदैव स्वीकार किया जाता है।
(b) फर्मो द्वारा सदैव नकार दिया जाता है।
(c) फर्म के लिए कभी–कभी अवसर और कभी–कभी खतरा उत्पन्न करता है।
(d) इनमें से कोई नहीं।

(80) एक खतरा है –
(a) संगठन पर्यावरण में एक प्रतिकूल स्थिति जो पर्यावरण को जोखिम या क्षति पैदा करती है।
(b) एक अर्न्तनिहित सीमा या बाधा
(c) संगठन पर्यावरण में एक प्रतिकूल स्थिति जो इसकी ताकत को मजबूत करती है।
(d) इनमें से कोई नहीं।

(81) निम्न में से कौनसा जनसांख्यिकीय पर्यावरण का भाग नहीं है ?
(a) जातीय मिश्रण
(b) कानूनी
(c) जनसंख्या का आकार
(d) भौगोलिक वितरण

(82) एक शब्द जो वर्तमान व्यवसाय को परिभाषित कर सकता है –
(a) तकनीकी
(b) हठ
(c) लाभ कमाना
(d) परिवर्तन

(83) सॉशल मीडिया का मार्केटिंग के लिए प्रभावपूर्ण इस्तेमाल कहलायेगा :–
(a) ताकत
(b) कमजोरी
(c) अवसर
(d) खतरा

(84) पर्यावरण के साथ परस्पर क्रिया में शामिल नहीं है :–
(a) सूचनाओं का आदान–प्रदान
(b) साधनों का आदान–प्रदान
(c) प्रभाव का आदान–प्रदान
(d) इनमें से कोई नहीं।

(85) निम्नलिखित कथन पर्यावरण से किस रणनीतिक प्रतिक्रिया दृष्टिकोण से सम्बन्धित है, वे उस माहौल में हुए बदलावों की निगरानी करना चाहते है, अपने लक्ष्यों और गतिविधियों पर उनके प्रभाव का विश्लेषण करना चाहते है और जीवित रहने, स्थिरता और ताकल के लिए विशिष्ट रणनीतियों के संदर्भ में उनके मूल्यांकन का अनुवाद करना चाहते है।
(a) सावधानी के साथ आगे बढ़ना
(b) न्यूनतम प्रतिरोध
(c) गत्यात्मक प्रतिक्रिया
(d) स्थिर प्रतिक्रिया

(86) पर्यावरण उत्पन्न करता है :–
(a) अवसर प्रोत्साहन और पुरस्कार

(b) बाधाऐं, खतरे और प्रतिबन्ध
(c) (a) तथा (b) दोनों
(d) या तो (a) या (b)

(87) सरकारी नीतियां सदैव _______ होती है
(a) लक्ष्य आधारित
(b) बारिकी से पारिभाषित
(c) अमीरों के लिए
(d) गरीबों के लिए

(88) चुनाव करने का कार्य जाना जाता है :–
(a) निर्णय प्रक्रिया
(b) फैसला
(c) मूल्यांकन
(d) चयनित

(89) David Easton ने राजनीतिक नीति निर्माण के लिए एक मॉडल दिया था, जो कि जाना जाता है :–
(a) Feedback
(b) Black Box Model
(c) White Box Model
(d) (a) तथा (b) दोनों

(90) OCBs का अर्थ है :–
(a) Overseas Corporate Bodies
(b) Ordnance Commission Bilateral secretariat
(c) Oversees Civic Boards
(d) Oversees Commercial Bilateral Treaties

(91) FERA ने FEMA को कब प्रतिस्थापित किया था :–
(a) 1991
(b) 1992
(c) 1999
(d) 2006

(92) SEBI की स्थापना कब हुई थी ?
(a) 1988
(b) 1990
(c) 1986
(d) 1989

(93) कृषि ऋणों को माफ करना किस प्रकार की नीति है ?
(a) नियामक नीति
(b) सुविधा नीति
(c) प्रतिबन्धात्मक नीति
(d) वितरण नीति

(94) दहेज, कानून तथा तलाक कानून किसका उदाहरण है :–
(a) आर्थिक सुधार

(b) सांस्कृतिक सुधार
(c) व्यवसायिक सुधार
(d) सामाजिक सांस्कृतिक सुधार

(95) केन्द्रीय स्तर पर कानून बनाने वाली संस्था है :–
(a) विधानसभा
(b) लोकसभा
(c) विधान परिषद
(d) उपरोक्त सभी

(96) राज्य स्तरीय संवैधानिक व्यवस्था में निम्न सदन कहलाता है :–
(a) राज्य सभा
(b) विधानसभा
(c) लोक सभा
(d) विधान परिषद

(97) एक निश्चित अवधि के दौरान व्यय का एक नियमित हिस्सा चार्ज करना कहलाता है :–
(a) अपलेखन (Amortize)
(b) वृद्धि (Appreciation)
(c) Arbitrage
(d) Offer

(98) दो समान वस्तुओं या उपकरणों की एक साथ खरीद और बिक्री को कहा जाता है :–
(a) अपलेखन
(b) वृद्धि
(c) Arbitrage
(d) Offer

(99) ________ दीर्घकालिक प्रोमिसरी नोट का एक प्रकार है :–
(a) बॉण्ड Bond
(b) कर्ज Debt
(c) बैंलेस शीट Balance Sheet
(d) बुक वेल्यू Book Value

(100) Bear एक ऐसी स्थिति है जिसमें :–
(a) शेयर बाजार के खिलाड़ी निराशावादी है
(b) शेयर बाजार में शेयर की कीमतें या निवेश पर प्रत्यायें घटने वाली हैं
(c) कीमतें घटने वाली हैं तथा अधिकतर व्यक्ति अपने पास रखे हुए शेयर्स को मूल्य घटने से पहले बेचने वाले हैं
(d) उपरोक्त सभी

***